शहर में अब कुत्तों की खैर नहीं महापौर नीरज पाल के निर्देश पर कुत्तो की धरपकड़ प्रारंभ, संख्या नियंत्रित करने बधियाकरण भी होगा

भिलाईनगर। महापौर नीरज पाल के निर्देश पर अब आवारा कुत्तो की खैर नहीं। इसके लिए खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के प्रयासो से आवारा कुत्तों को पकड़कर डाॅग हाउस में भेजा जायेगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्यआदेश भी जारी हो गया है। कुत्तो को पकड़कर डाॅग हाउस में रखा जायेगा और उनका वहां डाॅक्टर बधियाकरण भी करेंगे ताकि कुत्तों की जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सके। कुत्तो को पकड़ने का काम भी एजेंसी ने प्रारंभ कर दिया है , इसके लिये 10 लोगो की टीम बनाई गई है तथा कुत्तो को मोहल्लो और सार्वजनिक स्थानो से पकड़ने के लिये आवश्यक संसाधन एवं विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। शहर में अब तक 50 से अधिक कुत्तो को पकड़ा जा चुका है और अब इन कुत्तों का बधियाकरण किया जायेगा। पालतु कुत्तो पर भी निगम की अब नजर होगी। सार्वजनिक स्थानो पर अगर पालतु कुत्ता गंदगी करते पाया गया तो कुत्ते के मालिक पर जुर्माना लगेगा और कुत्ता मालिक को अर्थदण्ड भरना पड़ेगा, दोबारा गलती करने पर डबल जुर्माना भरना पड़ेगा। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इस संबंध में अधिकारियों के निर्देश जारी किये है। यहीं नहीं खुले पर कचरा फेंकने पर तथा निर्माण एवं विध्वंश के कचरे फैलाने पर भी कार्रवाई की जायेगी। निगम आयुक्त ने सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को इस पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश प्रसारित किये है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारी भी तेज हो गयी है। निगम आयुक्त श्री सर्वे ने सभी जोन आयुक्त , स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियो को निर्देश देते हुये कहा है कि गार्बेज फ्री सिटी , स्टार रेटिंग के अंतर्गत ओडीएफ प्लस-प्लस को देखते हुये भारत सरकार द्वारा जारी टूलकिट के निर्देशानुसार काम किया जाना है। इसके लिये सार्वजनिक , सामुदायिक शौचालयो में आवश्यक व्यवस्था , तालाबो के आस पास के क्षेत्रो की सघन सफाई , बैरन एरिया, खुले मैदान, ओडी स्पाॅट, नालियो की सफाई , नाली में जाली , सेप्टिक टैंक की सफाई इत्यादि ओडीएफ प्लस-प्लस के प्रोटोकाल, अनुसार कार्य करने अधिकारियो को निर्देश दिये गये है।